Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27.11.2021 | अंक 67

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## झारखण्ड सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

### बीडीओ को तीन सूत्री मांग पत्र सौपकर पंचायत चुनाव अविलम्ब करने, वैट घटाकर पैट्रोल डीजल कम करने एवं लचर विधि व्यवस्था सुधार की मांग




मांग पत्र सौपते भाजपाई

**अपेम लाइव : बरही**



धरना प्रर्दशन करते भजपाई

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार झारखंड राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित साहू एवं संचालन कमल शंकर पंडित ने किया। धरना, प्रदर्शन के माध्यम से वक्ताओं ने बताया कि पंचायत का कार्यकाल एक साल पहले ही खत्म हो गया है। इसके बाद भी पंचायत चुनाव नही कराया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव नही कराए जाने के कारण पंचायत का विकास कार्य अवरुद्ध होता जा रहा है। इसलिए समय पर पंचायत चुनाव कराया जाय। धरना प्रदर्शन के बाद तीन सूत्री मांग पत्र बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को सौपा गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज साहू ओबीसी प्रमंडलीय अध्यक्ष किशुन यादव, पूर्वी अध्यक्ष बंधन यादव, मोती लाल चौधरी, रामचंद्र कुशवाहा, जितेंद्र गिरी, मोती लाल चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, रितेश केसरी,पप्पू चंद्रवंशी, संतोष निषाद, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, दिलीप गुप्ता, गोविंद साहू ,इंद्रदेव ठाकुर, सुरेश साहू, सुखदेव साहू ,डोमन पांडेय, रविंद्र सिंह,विकास पांडेय, संगीता शर्मा, डब्लू सिंह ,पंकज वर्णवाल इत्यादि शामिल हुए।

## डॉ प्रकाश ज्ञानी होंगे अनुमंडलीय अस्पताल बरही के नए डीएस, डॉ एसएसपी सिंह के सेवानिवृति के बाद मिलेगा कमान

**अपेम लाइव : बरही**



डॉ प्रकाश ज्ञानी

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के वर्तमान डीएस डॉ एसएसपी सिंह 31 नवंबर को डीएस पद से सेवा. निवृत्त हो रहे हैं। हालांकि कोरोना को लेकर उन्हें 6 माह का एक्सटेंशन सरकार की ओर से दिया गया है। लेकिन वे 1 दिसम्बर के बाद से डीएस नही रह पाएंगे। बतौर एमओ ही काम कर पाएंगे। डॉ एसएसपी सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद एक दिसम्बर से डॉ प्रकाश ज्ञानी बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस होंगे। इस बाबत सीएस हज़ारीबाग़ ने डॉ प्रकाश ज्ञानी को डीएस का प्रभार सम्बन्धी आदेश जारी किया है। डीएस का प्रभार डॉ प्रकाश ज्ञानी के मिलने से अस्पताल की व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है।

## निरंजन भारती को मिला झारखंड कला रत्न पुरस्कार

**अपेम लाइव : बरही**




झाारखंड कला रत्न से सम्माानित होते निरंजन भारती

युवा फ़िल्म निर्देशक निरंजन भारती को मुम्बई के बोरीवली स्थित प्रबोधनकार ठाकरे नाटय गृह सभागार में पद्मश्री छूटनी महतो , मोंगिया टीएमटी के सीएमडी गुणवंत सिंह मोंगियाव, सुप्रिम कोर्ट के जज जोग सिंह द्वारा कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निरंजन भारती को यह पुरस्कार झारखंड इंटलेक्चुअल फोरम के द्वारा आयोजित झारखंड के 21वें स्थापना दिवस समारोह के दिन सिनेमा और कला के क्षेत्र में उनके बेहतर योगदान के लिए दिया गया । इससे पूर्व निरंजन भारती को 2016 में नेशनल फ़िल्म डेवलोपमेन्ट कॉर्पोरेशन भारत सरकार के द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत शार्ट फ़िल्म महोत्सव में छोटी गलती लघु फ़िल्म के लिए एक्सीलेंस पुरस्कार, झारखंड इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में बेस्ट निर्देशक , 2017 और 2018 में लगातार दो बार झारखंड गौरव,2018 में महाराष्ट्र गौरव सम्मान समेत दर्ज़नों पुरस्कार व सम्मान से सम्मा. नित किया जा चुका है। निरंजन भारती हज़ारीबाग़ के चौपारण प्रखंड के बेंदुआरा गांव के निवासी हैं ।कला, संस्कृति के क्षेत्र में अपने निरन्तर प्रगतिशील प्रयास एवं देश विदेश में अपने गांव, समाज, जिले और राज्य का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए झारखण्ड इंटलेक्चुअल फोरम ने 26 नवंबर को यह सम्मान निरंजन भारती को प्रदान किया। इस कार्यक्रम में भारत रत्न रतन टाटा के सचिव योगेश जोशी , झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , मुम्बई उत्तर से लोकसभा सदस्य गोपाल शेट्टी , सुप्रिम कोर्ट के जज जोग सिंह ,पद्मश्री छूटनी महतो , पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख , मोंगिया स्टील के सीएमडी गुणवंत सिंह मोंगिया,टफकोन स्टील के सीएमडी मोहन प्रसाद गुप्ता इत्यादि कार्यक्रम के हिस्सा रहे ।सम्मान हासिल करने के बाद निरंजन भारती ने झारखंड इंटलेक्चुअल फोरम के फाउंडर के चेयरमैन प्रेम कुमार और उनकी पूरी टीम को शुक्रिया कहा । साथ ही उन्होंने कहा की कि वे कला संस्कृति के लिए आखिरी सांस तक न्यौछावर रहेंगे।

## मुंबई में धूमधाम से मना झारखण्ड का स्थापना दिवस, बाबुलाल मरांडी हुए सम्मिलित

### भाजपा नेता मनोज सिंह को झारखण्ड स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों ने किया सम्मानीत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कार्यक्रम का विधीवत उद्घाटन करते लोग

मुम्बई महानगरी में झारखण्ड इंटेलेक्चुअल फोरम के बैनर तले झारखण्ड सेल संयोजक सह भाजपा नेता मनोज सिंह के नेतृत्व में झारखण्ड स्थापन दिवस ध. ूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुंबई स्थित प्रबोधनकर ठाकरे अ०डिटोरियम में किया गया। बतौर मुख्यातिथि झारखण्ड राज्य के पूर्व सीएम सह झारखण्ड प्रतिपक्ष नेता बाबुलाल मरांडी, राँची मेयर आशा लकड़ा, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय देवेंद्र फडणवीस, पद्मश्री सम्मान मधु मंसूरी हंसमुख, पद्मश्री पुरस्कार छोटनी देवी, महाराष्ट्र सांसद गोपाल शेट्टी, रतन टाटा जी के सेक्रेटरी ब०लीवुड अभिनेता पुनीत इस्सर, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री आशीष सेलार। बाबुलाल मरांडी ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा की मुम्बई जैसे बड़े महानगर में झारखडीओ को एकजुट करने के लिए मनोज सिंह को बधाई दिया। कहा अब झारखण्ड के लोग भी मुम्बई सहित देश के अन्य राज्य में झारखण्ड का नाम रौशन कर रहे है। इस दौरण अतिथियो ने आयोजक मनोज सिंह को झारखण्ड स्मृति चिन्ह देकर व श०ल ओढ़ाकर समान्नित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज सिंह सभी अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि मुम्बई में रहने वाले झारखण्ड प्रदेश के सभी वर्गों के लिए काम करना उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य करता हूँ। मनोज सिंह ने कहा कि अब झारखण्ड में भी समा. जसेवा का कार्य करूँगा व लोगों के दुःख सुख का साथी बनूगा।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 27-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं०: 02

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सीसीए के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतियोगिताओं से बच्चों के क्षमता और प्रतिस्पर्धा में होती है वृद्धि : टुकलाल साव

**अपेम लाइवः बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**



क्विज प्रतियोगिता मे शामिल बच्चे

रसोइया धमना स्थित शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सीसीए के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में अपने देश भारत, राज्य झारखंड और जिला प्रखंड स्तर का प्रश्नोत्तरी था। साथ ही साथ भारत की भौगोलिक स्थिति झारखंड की भौगोलिक स्थिति भारत के सभी स्मृति चिन्ह,विश्व के सबसे बड़े , छोटे भारत के सबसे बड़े छोटे आदि प्रश्नों का मिश्रित प्रतियोगिता कराया गया। साथ में क्लास के विषयवस्तु से भी प्रश्न सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिता में सफल विजेताओं के नाम प्रकार हैं। क्विज प्रतियो. गिता को चार ग्रुप में बैठकर करवाया गया। ग्रुप ए के बच्चों में संजीदा नाज, आनंद कुमार, करीना कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनाली कुमारी, सोहेल अख्तर, संतु कुमार, इत्यादि बच्चे शामिल थे। ग्रुप बी में नेहा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, अभिषेक कुमार, पवन कुमार, प्रवेश कुमार, रोशनी कुमारी इत्यादि बच्चे शामिल थे। प्रथम विजेता ग्रुप सी में वंदना कुमारी, भारती कुमारी, राम आशीष कुमार, संहिता प्रवीण आयुष कुमार, प्रियंका कुमारी, माही गुप्ता, रंजन कुमार इत्यादि बच्चे शामिल थे। और ग्रुप डी से करीना गुप्ता, एम डी हसनैन, दीया कुमारी, सुधा कुमारी, कुसुम कुमारी, नितिन कुमार, आशीष राणा, दीपक कुमार इत्यादि बच्चे शामिल थे। विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव ने बतलाया कि इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों का जीएस ठीक रहता है और साथ ही साथ उनके अंदर प्रतियो. गिताओं में सफल होने की प्रेरणा उत्पन्न होती है। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि यह विद्यालय प्रारंभिक अवस्था से ही पाठ्य सहगामी प्रतियोगिताएं कराती रही हैं। यही कारण है कि यहां के आठवीं और दसवीं बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत होता है। विद्यालय के सलाहकार राजेन्द्र प्रसाद ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी दिनों में इस तरह के तरह तरह के कार्यक्रम करवाने की बात कही और अभिभावकों से अपील की कि आप अपने बच्चों को विषय वस्तु के साथ–साथ सामान्य ज्ञान और नैतिक शिक्षा की बातों को भी ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका बिभा शर्मा , डिंपल कुमारी, नरेश कुमार, अजय कुमार, सरिता कुमारी, स्वेता राज लक्ष्मी, राहुल कुमार आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चरही बिरसा मैदान में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट शुरू

**अपेम लाइवः चरही**

चरही चरही कोयलांचल के चरही बिरसा मैदान में तिन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित की गई है।जिसका मुख्य आतिथि चुरचू प्रखंड के जनप्रतिनिधि गन ।इन तिन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 14 टिमो ने भाग लिया है। जिसमें शनिवार को चरही बनाम चनारो के बिच खेला गया। इस टूर्नामेंट में मुख्य रूप से प्रमुख अनुक्षी देवी, जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया शांडि पूर्ती, उप प्रमुख चौलेशवर महतो, उप मुखिया सुनीता देवी, समाजसेवी ललिता कुमारी ने ब०ल को कीक मार कर शुभारंभ किया। अपने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल के नजरिये से खेलें और इससे खिलाड़ियों को विकसित होता है। इस क्रम में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि किशुन महतो, जिला परिसद सदस्य प्रतिनिधि आनंद सोरेन, चनारो मुखिया प्रतिनिधि जोगेश्वर महतो, जिला परिसद भावी प्रत्याशी बासूदेव करमाली, भुनेशवर ठाकुर, आजसू नेता लालचंद महतो, बिश्वनाथ महतो, वार्ड सदस्य समिना खातुन, नर्सिंग राय, चरन करमाली, रमेश करमाली, दिनेश रविदास, गब्बर सिंह, जितू ठाकुर, कॉमेंटेटर दिनेश कुमार सहित सैंकड़ों लोगों ने उपस्थित हुए।




मैच प्रारम्भ करते अतिथिगण

आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---28.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---नवमी तिथि
दिन :---रविवार
नक्षत्र :---पू.फ़ा. नक्षत्र
योग :---विष्कुम्भ
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:42
सूर्यास्त : संध्या 05:18
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---सिंह राशि में
आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्या :---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज सूर्यदेव को अर्घ देने से मान सम्मान में वृद्धि होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## आधी रात्रि को गिरा मकान बाल बाल बचा परिवार



गिरा हुआ कच्चा मकान

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के गंडो गांव में मकान गिर गया। जिसमें किसी प्रकार जलमाल का नुकसान नहीं हुआ। लेकिन घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें अब घर मे रहने परिवार मजबूर हैं। वही स्थानीय मुखिया दुरभाष से संपर्क किया तो बातया की कुछ दिनों में पीएम आवास मिल जाएगा।

## पदमा में भाजपाइयों का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन सम्पन्न

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने में झारखंड सरकार विफल : बाबूलाल मेहता

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन राज मेहता**



धरना प्रदर्शन मे शामिल लोग

पदमा प्रखण्ड में भा. जपाइयों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रखण्ड मुख्यालय के बाहर किया गया। जिसमें राज्य सरकार के विरुद्ध में भा. जपा के वरिष्ठ नेता और केंद्र सरकार के डीजल पेट्रोल में कमी की गई है। जो राज्य सरकार अपने राज्य में वैट में कमी नहीं करने और राज्य में अफसर साही करने के विरुद्ध एक दिवसीय धरना कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पदमा प्रखण्ड से वरिष्ठ भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड के अध्यक्ष बाबु लाल मेंहता के अध्यक्षता में की गई। जिसमें पदमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अजय मेहता एवं प्रखण्ड के प्रमुख बीपीन मेहता, प्रखण्ड के महामंत्री बुधन साव, अशोक यादव, रमेश सिंह, गणेश यादव, विजय यादव, रामानंद गिरी, अक्षेवट मेंहता, पांडेय जी एवं सैकड़ों भा. जपा के कार्यकर्ता मौजूद थे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## शादी समारोह व श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



श्राद्ध कार्यकम मे शामिल पुर्व विधायक व अन्य

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शनिवार को कई शादी समारोह व श्राद्ध कार्यक्रम में हुए सम्मिलित। इस दौरान पिपरा निवासी हीरालाल साव के मृतक पिता, केंदुआ निवासी प्रेम यादव के पुत्र के विवाह समारोह, बहेरा निवासी कुलदीप यादव यादव के पुत्री के विवाह समारोह, यवनपुर निवासी भुनेश्वर प्रजापति के मृतक पिता के श्राद्ध, टांडडीह निवासी अरविंद सिंह के बेटा के विवाह समारोह आदि कार्यक्रमो में हुए सम्मिलित। इस दौरान पूर्व विधायक ने बिगहा राजा गढ़ स्थित हनुमान मंदिर माथा टेक बजरंगबली से क्षेत्र में अमन चौन व शान्ती का किया कामना। श्राद्ध कार्यक्रमो में सम्मिलित होकर पूर्व विधायक ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान बच्छई मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, चौपारण मुखिया बिनोद सिंह, दादपुर मुखिया प्रति. निधि अरविंद सिन्हा, समा. जसेवी सतेंद्र सिंह, शिवकुकर यादव, रामचन्द्र सिंह, प्रभात सिंह, प्रकाश गुप्ता, रवि गुप्ता, कलाम. ुद्दीन अंसारी, मो सनोवर, भुनेश्वर प्रजापति आदि शामिल थे।

## बस और टैंकर वाहन में हुई टक्कर, प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन

थाना क्षेत्र के जामुखाडी में बीती रात बस और टैंकर वाहन में टक्कर हो गयी। घटना को लेकर चंदवारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। दिए गए आवेदन में बस चालक मनौवर हुसैन ने कहा है कि वो अपने बस से कोडरमा से हजारीबाग जा रहा था। इसी क्रम में बीती रात लगभग 7:30 बजे चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाडी के निकट विपरीत दिशा से आ रही टैंकर संख्या एन एल 01 एल–6777 ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। घटना में किसी को चोट नहीं आई। आवेदन में कहा गया है कि टैंकर चालक शराब पी कर लापरवाही से वाहन चला रहा था जिसके कारण ये हादसा हुआ है। घटना को लेकर धारा 279/427 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं दूसरी घटना चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुण्डी के निकट घटी। जहां ट्रक संख्या जेएच 12 ई 1757 व बोलेरो संख्या जेएच 02एल 1317 में टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। जिसमें बोलेरो चालक को मामूली चोट आई है। वाहन चालक की पहचान मंजीत सिंह पिता रामवृक्ष सिंह थाना रजौली, जिला नवादा बिहार के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुँचे चंदवारा थाना के ए एस आई दाऊद पवारिया बोलेरो चालक को इलाज के लिए अस्पताल ले गए।




## राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरोध में चंदवारा के भाजपाइयो ने प्रंखड मुख्यालय पर दिया धरना

### राज्य सरकार जल्द कराए पंचायत चुनाव : रवि मोदी

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाजपाई

प्रखंड मुख्यालय में चंदवारा के भाजपाइयों ने झारखंड सरकार के जनविरोधी नीति के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी मौजूद थे। धरना में वक्ताओं ने राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कार्यक्रम प्रभारी रवि मोदी ने कहा कि सरकार राज्य पंचायत चुनाव ना करा कर खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार पंचायत चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं करती है भाजपा इस जनविरोधी सरकार को नींद से सोने नहीं देगी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा ने कहा कि राज्य सरकार विकास के कार्यो को बंद कर दी है। जो विकास के काम रघुवर सरकार ने जो चलाया था उसको नियमित चलने दे जिससे नीचे तबके के भाई बहन कुछ लाभ मिल सके। वही भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिंह ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द जेपीएससी पीटी की परीक्षा रद्द करें और युवाओं के भविष्य के साथ खेलना बंद करें। उन्होंने कहा कि युवा ही हमारी राज्य के आन बान और शान है। युवाओं पर इस सरकार के द्वारा हो रहे अत्याचार और लाठीचार्ज का पुरजोर विरोध करते है और इस सरकार को आगाह करते है कि युवा अगर सरकार बनाना जानती है तो सरकार उखाड़ना भी जानती है। कार्यक्रम के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड महामंत्री मनोज साव, महामंत्री नंदकिशोर सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल, भाजपा नेता प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी ,युवा नेता वीरेंद्र कुमार यादव ,आनंद मोदी, मुन्ना कुमार वर्णवाल ,रमन यादव ,मुरली मोदी, विकास साव, पिंटू साव ,उमेश सोनी, कपिल देव सिंह,कुलदीप सोनी ,प्रकाश यादव, रामजी वर्मा, खूबलाल साव, राजकुमार पंडित समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका राणा ने किया।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

**शुभ दीपावली**



रामदेव साव   सुभाष पासवान   मंटु सिंह



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुणाल कतरियार   बिनोद कुमार   टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



दिनांक: 27-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## भारतीय जनता पार्टी ने 16 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय में दिया धरना

### राज्य हेमंत सरकार पंचायत चुनाव कराने में मुकर रही है : अनिल मिश्रा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड मुख्यालय में ज्ञापन सौंपते भाजपाई

भारतीय जनता पार्टी ने 16 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं राजेंद्र गुप्ता एवं संचालन सुमन गिरी एवं इंद्र भूषण के द्वारा किया गया । धरना प्रदर्शन ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल मिश्रा ने कहा कि महागठबंधन की सरकार सरकार पंचायत चुनाव कराने से मुकर रही है। भारतीय जनता पार्टी शीघ्र पंचायत चुनाव कराने की मांग करती है ।हेमंत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता को ठगने का कार्य कर रही है। धरना प्रदर्शन के पश्चात भाजपाइयों ने रा. जपाल के पार्क प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम 16 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में पंचायत चुनाव अविलंब कराने। जेसीएपीसी परीक्षा में हुई धांधली की जांच हो,परीक्षा रद्द हो। बढ़ते उग्रवाद पर पूर्ण नियंत्रण हो। किसानों को 2500 क्विंटल धान खरीद की जाए,साथ ही पिछले वर्ष के बकाए का भुगतान हो।50000 हजार तक के ऋण किसानों के माफ हो। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए ।राज्य में बिजली व्यवस्था ठीक हो। जले ट्रांसफार्मर बदले जाए। पंचायत से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार बंद हो ।बालू खनिज की लूट बंद हो। शराब नीति रद्द हो। ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग बंद हो ।बेटी बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। आदिवासी दलित की जमीन लूट बंद हो। धर्मांतरण पर पूर्णता रोक लगे ।केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे मुफ्त अनाज का वितरण सुनिश्चित हो ।कोविड – 19 टीकाकरण की गति बढ़ाते हुए संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित हो ।धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत नि. राला,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, नरसिंह प्रसाद,किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामचंद्र महतो,सुनीता देवी,पूर्व सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, जिला किसान मोर्चा महामंत्री बैजनाथ कुमार साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेश साव, मंत्री विनोद कुमार, उपाध्यक्ष मोहन साव, किशोर राणा,मनोज प्रभाकर, त्रिवेणी महतो, महावीर भुईया,हेमराज यादव,अवध किशोर यादव, प्रेम साव, रमनेश मिश्रा, अवध किशोर मिश्रा, कृष्ण कुमार साव, टिकन भूईया, तिलानाथ साव , रवि दांगी सच्चिदानंद पांडे एवं अमर पांडे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आपके अधिकार के लिए सरकार पहुंची आपके द्वार तुलबुल के डगड़गवा मैदान में उमड़ी फरियादियों की भीड़

### सैकड़ो लोगो को मिला कम्बल का लाभ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कार्यक्रम में शामिल लोग

झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनीवार को प्रखंड के तुलबुल पंचायत में किया गया ।कार्यक्रम में कुल 18 विभाग के स्ट०ल लगाया गया था, ज०ब कार्ड,आधार कार्ड,श्रम कार्ड,राशनकार्ड,कृषि विभाग, बृद्धा पेंशन, भूमि सुधा, आंगनबाड़ी, पशुपालन विभाग, समेत कुल 18 विभाग के स्टॉल में जरूरत मंदो द्वारा आवेदन दिया गया। सभी विभागों में प्रपात आवेदन में से अधिकतर का ऑन द स्पॉट निस्पादन किया गया ।साथ ही बचे आवेदनों को जिला को अग्रसित किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ,प्रखंड विकाश पदाधिकारी हुलास महतो एवं बी पी ओ निरजंन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया, सभी विभाग का अलग –अलग संबंधित समस्या का संबंधित विभाग से निदान किया गया। बिभिन्न विभागों में, जन वितरण प्रणाली, मनरेगा, कृषि, पशुपालन एवम गव्य विभाग, रेसचे, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, में लोगो को सभी समस्याओं को जैसे पेंसन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, ।बब लोन, कम्बल वितरण, नए राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, भू सुधार, दाखिल खारिज, कोरोना वैक्सीनेशन, बैंकिंग लेनदेन, कृषि ऋण माफी, श्रमिक कार्ड, नया ज०ब कार्ड , आधार कार्ड में सुधार एवम नया आधार कार्ड बनवाना, पेयजल से संबंधित चापाकल मरम्मती, नए मतदाता का सूची से जोड़ना, कल्याण विभाग, इत्यादि समस्यों को तुरंत समाधान किया गया ।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि आपके अधिकार के लिए सरकार आपके द्वार तक आई है ।बैंक खाता स्कूली बच्चों के नही खुलने से सैकड़ो बच्चे निराश होकर कार्यक्रम से वापस लौट गए ।बी डी ओ ने कहा कि बैंक की लापरावहीँ की शिकायत उपायुक्त से किया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुलास महतो,राजपुर थाना से ए एस आई शिव प्रसाद साह, जिला परिषद प्रति. निधि अरुण सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह भावी जिला परिषद उमीदवार रामेश्वर यादव, रउउ प्रखण्ड अध्यक्ष, बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, मन. रेगा कनीय अभियंता शिवकुमार दास, 15वी वित्त अभियंता प्रकाश कुमार, एवम नितेश कुमार, तुलबुल मुखिया, और सेकड़ो पंचायत वासी शामिल हुवे।

## जल्द पंचायत चुनाव करवाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

### गांव के विकाश से सरकार को है नफरत,हसीन सपना दिखाकर जनता को ठग रही है हेमंत सरकार : सतीश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



धरना प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

पंचायत चुनाव की घोषणा एवं अन्य ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय के समीप में धरना दिया। धरना के माध्यम से भाजपाइयों ने हेमंत सरकार को घेरने की कोशिश की है ।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने किया। वही संचालन महामंत्री शंकर सिंह ने किया ।मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर राम मौजूद थे। धरना को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सतीश सिंह ने झारखंड सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की ।कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ठगबंधन की सरकार है वर्तमान सरकार को गांव की विकाश से नफरत है तभी तो पंचायत चुनाव करवाने में कतरा रही है। आगे कहा की सरकार का दो वर्ष पूर्ण हो चुका है,लंबा चौड़ा वायदों और घोषणाओं के साथ हेमंत सोरेन की सरकार जनता के द्वार तक जाने की बात बोलकर बेवकूफ बना रही है,और जनता को सिर्फ हसीन सपने दिखाया जा रहा है ।जो बहुत जल्द ही टूटने लगी है ।वही तिलेश्वर राम ने कहा कि प्रदेश फिर से उग्रवाद की चपेट में आ गया है जो सोचनीय है ।राज्य में पंचायत का चुनाव शीघ्र करावे सरकार गांव के सरकार नही बनने से विकाश कार्य प्रभावित हो रही है ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि राम रंजन साहू, एससी मोर्चा जिला मंत्री कमांडो रजक,प्रवीण सिन्हा,पप्पू विश्वकर्मा,राहुल शर्मा,कुंदन मिश्रा,बंटी मिश्रा एवं अनेकों भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे

## वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र एवं श्री निवास समूह द्वारा मल्टी स्पेशलिटी शिविर आयोजित

### राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर 57 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


अंगदान दिवस पर आयोजित शिविर में शामिल मांडू विधायक जेपी पटेल

विष्णुगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र के तत्वाधान में श्रीनिवास समूह द्वारा मल्टी स्पेश. लिटी शिविर का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ प्लस टू उवि परिसर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शिविर का उद्घाटन किया। कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय लोगों को आवश्यक चिकित्सा सु. विधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र को धन्यवाद दिया। मल्टी स्पेशलिटी शि. विर में रक्तदान शिविर, चिकित्सा एवं दंत शिविर के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शामिल थी। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 57 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, लगभग दो सौ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सा जांच शिविर में डॉआरएल रजक, डॉ रवि चिराग तथा डॉ किरण ने लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं मुफ्त दवाएं दी। वहीं, दंत शिविर में डॉ शिल्पी चटर्जी ने दंत मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श मुहैया कराया। रक्तदान शिविर में आशुतोष झा का अहम योगदान रहा। रक्तदान करने वाले लोगों को प्रश. स्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र के संस्थापक ऋत्विक मिश्रा, जिप सदस्य यशोदा देवी, अरविंद लाहकार, गणेश लाल, सुरेश राम, शशि लाहकार, ओमकार नाथ पांडेय, रीता देवी, वीरेन्द्र उपाध्याय, गिरिजा साव आदि की अहम भूमिका रही।

## सिमराडीह निवासी जमन प्रजापत्ति के 98 वर्षीय मां का हुआ निधन

### कई समाजसेवियों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर किया दुःख प्रकट

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

सिमराडीह निवासी समाजसेवी जमन प्रजापत्ति की 98 वर्षीय माँ जितनी देवी का निधन शनिवार की सुबह हो गया ।ि जतनी अपने पूछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई ।मृतक कई माह से असस्वथ्य थी और शनिवार को अपने निवास स्थान पर अंतिम स्वास ली ।इनकी मृत्यु पर कई समाजसेवियों ने अंतिम संस्कार में शामिक हुए और शोक प्रकट किए ।शोक प्रकट करने वालो में अरुण सिंह,बिरजू तिवारी,मुखिया मीणा देवी,प्रकाश सिंह,जीप उम्मीदवार भीम सिंह,प्रमोद कुमार सिंह, रामेश्वर यादव, जितेंद्र सिंह कामता सिंह, बबलु केशरी (उपमुखिया) भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश सिंह,सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सिरमा पंचायत में लगा आपकी सरकार आपके द्वार शिविर कार्यक्रम का आयोजन

### लगभग 600 आवेदन हुए प्राप्त कई मामलों का शिविर में ही हुआ निष्पादन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



पेंशन स्वीकृति पत्र देते अपर समाहर्ता राकेश रोशन

प्रखंड सिरमा पंचायत अंतर्गत मैदान में अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता राकेश रोशन एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया शिविर में सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की 43 योजनाओं को स्ट०ल लगाया गया । भारी संख्या में लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं समाधान के लिए को लेकर आवेदन रजिस्टर्ड करवाया। लगभग 600 लोगों ने मामले को लेकर रजिस्टर्ड कराया जिसमें कई लोगों का शि. विर में मामले का निष्पादन कराया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता राकेश रोशन के हाथों चोरका ग्राम निवासी मुक. बधिर दिव्यांग गीता कुमारी को पेंशन स्वीकृति पत्र देकर पेंशन का शुभारंभ करवाया । वही शिविर में बिजली विभाग के नए कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार के नेतृत्व में शिविर लगाया गया जिसमें 2 आवेदन प्राप्त हुवे, त्वरित कार्रवाई करते हुए शिविर में ही दोनों का समाधान कर दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा कि आवेदनों की जांच के उपरांत जल्द से जल्द समस्याओं को निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा । मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे, अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, विद्युत विभाग कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार, एसबीओ राहुल कुमार , अशोक कुमार, फार्मासिस्ट बृजेश कुमार, मत्स्य विभाग से अली रजा, चंदन कुमार, मुखिया वाजिद अली, सुधीर कुमार आजाद, ड०क्टर का. र्तिक उरांव, सर्वोत्तम भास्कर, सहिया साथी आशिया खातून, एएनएम आरती कुमारी,सहिया शबाना खातून,अमरीन सबा के अलावा प्रखंड सह अंचल के कई कर्मी उप. स्थित थे।

## पंचायत चुनाव नहीं कराए जाने के विरोध में भाजपा का धरना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



धरना को संबोधित करते मांडू विधायक जेपी पटेल

राज्य सरकार द्वारा ससमय पंचायत चुनाव नहीं कराए जाने के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी मंडल द्वारा विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। पंचायत चुनाव को बहाना बनाकर टालने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड के ग्रामीण स्तर के विकास में यह सरकार बाधक है। चुनाव को लेकर सरकार की मंशा साफ नहीं है। चुनाव आयोग की सारी तैयारी पूरी है। इसके बावजूद सरकार चुनाव नहीं कराना चाहती है। कहा कि जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर हेमन्त सोरेन काबिज हुए हैं तब से कानून व्यवस्था बेलगाम हो गई है। भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ा है। राज्य में हत्या, लूट, एवं दुष्कर्म के मामले बढ़े हैं। जेपीएससी की परीक्षा में भी भारी अनियमितता हुई है। सरकार जेपीएससी परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित करे। इसके अलावा हरेक चुनावी वादे को पूरा करे। धरना की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष केबी मंडल व संचालन महामंत्री गुरू प्रसाद साव ने किया। धरना के उपरांत विधायक ने बीडीओ संजय कोंगारी के माध्यम से राज्यपाल को मांगपत्र सौंपा। मौके पर सुखदेव यादव, संतोष कुमार महतो, मधुसूदन प्रसाद, शम्भूनाथ पांडेय, महादेव मंडल, हिरामन महतो, निर्मल कुमार, राजेश सोनी, गौतम भारती, हरि यादव, जीवन सोनी, दीपक रजक, गुलाब शंकर महतो, बासुदेव महतो, पंचम महतो, अंजू देवी, सीमा देवी, गायत्री देवी, डेजी सिन्हा, किरण देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टाटीझरिया में मिला जापानी इंसेफेलाइटिस का मरीज, लगाया गया जांच शिविर

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



जांच शिविर में शामिल लोग

कोविड से बचने के लिए लोग अभी भी विभिन्न तरीके अपना रहे हैं। इसी बीच टाटीझरिया में पुरानी बीमारी जापानी इंसेफेलाइटिस से संक्रमित एक रोगी मिला है। टाटीझरिया के सदारो बाजार टांड में एक युवक का जापानी इंसेफेलाइटिस से संक्रमित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शनिवार को यहां जांच शि. विर लगाया गया। इसमें 2 वर्ष से 15 वर्ष के कुल 10 बच्चों का सैंपल लिया गया है। संक्रमित मरीज मिलने के बाद यहां दूसरी बार जांच शिविर लगाया गया। इसकी जांच रिपोर्ट सोमवार को आएगी। जांच शिविर में डॉ. रविशंकर प्रसाद, डॉ. जावेद अहमद, पर्यवेक्षक शिवशंकर पांडेय, काजल देवी, गौतम कुमार रवि, मीना कुमारी, रूबी कुमारी, रेणु कुमारी, अर. विंद कुमार, सुनिता देवी, रीता देवी, रेणु देवी आदि स्वास्थ्य विभाग के लोग शामिल थे।

## पंचायत चुनाव शीघ्र कराने, जेपीएससी पीटी रद्द कराने सहित जनमुद्दों पर प्रदेश के सभी प्रखण्डों में भाजपा दी धरना : मुरारी सिंह

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



मांग पत्र सौपते भाजपा के कार्यकर्ता

चुरचू प्रखंड के भाजपा महामंत्री दीप नारायण महतो ने बताया कि एक तरफ राज्य में विकास कार्य ठप्प हैं। दूसरी ओर यह सरकार लोकतंत्र का भी गला घोंट रही है। पंचायत चुनाव को टालकर सरकार गांव की जनता को अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। इसमें सरकार की मंशा पदाधिकारियों के माध्यम से सरकारी फण्डों का बंदरबाट करने का है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंचायत चुनाव अविलब कराने, जेपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने सहित कई जनमुद्दो को लेकर प्रदेश भर के प्रखंड मुख्यालय में धरना कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है बीजेपी किसान मोर्चा अध्यक्ष भोला महतो ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नेतागण विभिन्न प्रखंडो में धरना कार्यक्रम में शामिल थे। चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तालेश्वर महतो महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष आशा राय महामंत्री महिला मोर्चा मीरा देवी मंत्रिमंडल श्याम भारती जलेश्वर महतो बबलू सिंह घनश्याम युवा मोर्चा अध्यक्ष ललन शर्मा वरिष्ठ नेता कत रामसेवक महतो महामंत्री दीप नारायण महतो बताया कि धरना के पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा जायेगा।

## झारखंड सरकार द्वारा पंचायत चुनाव टाले जाने के विरोध में भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**




धरना प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

हेमंत सरकार द्वारा बार-बार पंचायत चुनाव को टाले जाने के विरोध में भा. जपा टाटीझरिया मंडल कमिटी ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। भा. जपाइयों ने पंचायत चुनाव अविलंब कराये जाने को लेकर राज्यपाल के नाम बीडीओ शाईनी तिग्गा को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव ने किया। बतौर प्रभारी जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह उपस्थित हुए। भा. जपाइयों ने हेमंत सरकार द्वारा पंचायत चुनाव नहीं कराए जाने को लेकर नारेबाजी किया। उन्होंने कहा कि गांव की सरकार बनती है और गांव का विकास होता है। पंचायत चुनाव नहीं कराने से गांव का विकास बाधित हो रहा है। यह सरकार षड्यंत्र के तहत चुनाव टाल-मटोल कर रही है। मौके पर संतोष मंडल, योधी प्रसाद यादव, लक्ष्मण यादव, रजनीकांत चौधरी, जीतन यादव, महेश अग्रवाल, प्रकाश प्रजापति, शंभू प्रसाद, रीतलाल महतो, मुकेश मंडल, अशोक प्रसाद, बिनोद महतो, बोधी महतो, अरूण रजक, सुरेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश ठाकुर, प्रमोद सिन्हा, अधीरचंद्र तिवारी, झुनझुन गुप्ता, राजीव रंजन सिंह, अशोक प्रसाद, शंकर बर्मन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरनी प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का एक दिवसीय धरना सम्पन्न

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




धरना प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

बिरनी प्रखंड मुख्यालय में तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा ने हेमन्त सरकार के द्वारा पंचायत चुनाव नही कराने सहित जनमुद्दे पर शनिवार को भाजपा ने बिरनी प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम बिरनी मंडल अध्यक्ष राजदेव साव के अध्यक्षता में किया गया वहीं संचालक सुरेन्द्र यादव के किये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव को टालकर सरकार गांव की जनता को अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रखना चाहती है। यह जन विरोधी सरकार हैं, अप्रजातांत्रिक तसरकार हैं। यह सरकार को झारखंड से जब तक कबाड़ कर नहीं फेकेंगे तब तक जनता का भला नहीं होगा वही कई मुद्दों पर चर्चा की गई श्रेच्ब पिटी परीक्षा रद्द करने,छात्रों की आवाज बुलंद करने पर भाजपा ने. ताओं पर लाठीचार्ज और फ़र्ज़ी मुकदमा करने के वि. रोध तथा विभिन्न जनसरो. कार के मुद्दों को लेकर किया गया मौके पर बिरनी प्रभारी देवनाथ राणा जी,लछमण दास भरकट्टा मंडल अध्यक्ष अशोक कु बर्मा सांसद प्रतिनिधि मेहन्द्र यादव प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह राजेंद्र राम ,सुभाष बर्मा सुरेन्द्र यादव मिडिया प्रभारी रंजीत राय नारायण यादव आज़ाद तुरी छत्रधारी दास दिलीप दास विक्रम तर्वे प्रेमशंकर यादव एवं प्रखंड मंडल सदस्य के साथ सैकड़ो भा. जपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## भाजपा ने पंचायत चुनाव कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया

### पंचायत चुनाव नीति पर हेमन्त सरकार का किया विरोध

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



धरना मे शामिल लोग

प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में हेमंत सरकार के विफलताओ को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद की अगुवाई में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मौके पर नेताद्वय ने कहा राज्य सरकार सिर्फ वादे करके सत्ता हासिल की आज झारखंड तबाह है बर्बाद हो रहा है झारखंड में कानून व्यवस्था चरमरा रही है साथ ही सत्ता के लिए चल रही साजिश भी राज्य सरकार की विफलता दर्शाती है सरकार शिक्षा सड़क व अन्य कल्याणकारी योजनाएं बंद है कोविड टीकाकरण की रफ्तार धीमी है पंचायत चुनाव को बार बार टाल कर राज्य वासियों के लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही सरकारी फंडों पर पदाधिकारियों के नाम पर लूट करवा रही है आने वाले दिनों में अगर व्यवस्था नही सुधरी तो भाजपा सड़क पर उतरेगी कार्यक्रम के बाद विभिन्न प्रकार की 15 सूत्री मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम अंचल कार्यालय के प्रभारी वरीय लिपिक प्रकाश कुमार को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद रतन पासवान, छोटेलाल प्रसाद, अनिल आजाद सरजु प्रसाद यादव रामेश्वर यादव,महिला मोर्चा के रीना वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष,रीतलाल प्रसाद, बिंदु सोनी, इन्द्रदेव यादव, सरयू प्रसाद, वीरेंद्र साव राजकुमार यादव,वीरेंद्रमे. हता जागेश्वर ंडेय,पीताम्बर नायक,जीबन यादव, इन्द्रदेव यादव, मो खलील अंसारी ,हीरालाल प्रसाद,बुलाकी प्रसाद, शंकर साव, भुजन प्रसाद,शंकर ठाकुर, विजय यादव,प्रदीप महतो, बैजनाथ यादव, अर्जुनठाकुर,गिरधारी नायक, लीलाधारी प्रसाद समेत लोग उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में जन जागरण अभियान की रैली निकाली गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



रैली मे शामिल लोग

कांग्रेस कमेटी की पचफेडी चौक में जन जागरण अभियान की रैली निकाली गई। रैली के पश्चात बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश प्रतिनिधि श्री दिगंबर कुमार मेहता कह के आम जनता केंद्र के भाजपा की सरकार ने आम जनता पर महंगाई का कहर ढा दिया है सबसे ज्यादा मार गरीब किसान मजदूर एवं छोटे व्यवसायियों पर पड़ा है मोदी जी का गैस चूल्हा में तब्दील हो गया मोदी जी के शासनकाल में कोई ऐसा नीति नहीं बना जो गरीब किसान मजदूर जनता के पक्ष में हो बल्कि मोदी जी ने किसानों के खिलाफ तीन कृषि कानून बिल लाकर किसान के जमीन को गिरवी रखने चाहे थे इसी के विरोध किसानों ने आंदोलन किया और भा. जपा निजी मोदी के सरकार ने 750 किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया नोटबंदी और जीएसटी लाकर छोटे छोटे व्यवसाई को तबाह कर दिया पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भोजन का अधिकार कानून लाकर 85ः लोगों को अनाज देने का कार्य किया मनरेगा कानून लाकर मजदूरों को रोजगार एवं किसानों को खेत में पानी दिया भारतीय जनता पार्टी और मोदी देश के गरीब गुरवे किसान व्यवसाय की चिंता नहीं है इन्हें बस सिर्फ मुट्ठी भर उद्योगपतियों के हाथी कठपुतली बने हुए हैं बैठक में प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड में मजबूत कांग्रेस पार्टी बनाएंगे जन जागरण अभियान से पार्टी मजबूत हुई इचाक प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास कह के बरकट्ठा विधानसभा में संगठन को मजबूत करना। मौके पर उपाध्यक्ष मनोज मेहता एवं कृष्ण सिंह ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा को मजबूत करेंगे, जन जागरण रैली में समसुद्दीन अंसारी, हेमराज प्रसाद, सरफराज अहमद, इमरान खान, धीरेंद्र पांडे, जामुन पा. सवान, फलोदी नाम, सारे सीता राम मांझी, राजेश कुमार, उज्जवल कुमार, परमेश्वर चौधरी, सरजू महतो , गुरदयाल सिंह, मोहम्मद मोहिन मुस्तकीम अंसारी, भोला रविदास , महेंद्र प्रसाद, मोहम्मद जाकिर, चंद्रदेव प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## चलकुशा भाजपा के द्वारा झारखंड सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन

### प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोलह मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




प्रखंड मुख्यालय के निकट भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में नियुक्त प्रभारी जिला मंत्री जयदेव चौधरी, रामचन्द्र प्रसाद चौधरी शामिल हुए।धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य झारखंड में पंचायत चुनाव अविलंब कराएं ।भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाएं। एवं जेपीएससी परीक्षा को रद करपुनः परीक्षा करवाएं।जिला मंत्री जयदेव चौधरी ने कहा कि चलकुशा प्रखंड मुख्यालय को कोडरमा जिला मे शामिल करें चौबे रेलवे स्टेशन पर जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव कराएं।उपप्रमुख ने कहा की जनवरी माह के प्रथम विक में पंचायत चुनाव का अधिसूचना जारी नहीं करती है तो भाजपा के द्वारा आंदोलन किया जाएगा ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव,उप प्रमुख दुर्गा यादव,श्याम सुंदर यादव,शंकर ठाकुर, अजय सिंह मोहसीन कमाल, रामजी चौधरी, राजेंद्र साव, रामेश्वर साव, सुबोध चौधरी, विरेन्द्र यादव, इत्यादि लोगों शामिल थे।

## पंचायत भवनों में लगेंगे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की सूची

**अपेम लाइव : टाटीझरिया राजू यादव**




पंचायत स्तरीय शिविर में शामिल विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब

प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में अब राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सूची प्रदर्शित की जाएगी। इसके माध्यम से आम लोगों को योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। इसके अलावा इस बाबत पंचायत स्तरीय शिविर का प्रचार प्रसार करते हुए पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी का दीवार लेखन या बोर्ड लगाया जाएगा। हजारीबाग डीसी के आदेश पर विष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासन द्वारा इस हेतु सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को कार्यालय आदेश निर्गत किया है। बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वारा कई शिविरों में इसे लेकर जोरदार तरीके से आवाज उठाई गई थी। विधायक प्रतिनिधि के इस अनुरोध को हजारीबाग डीसी ने मानते हुए आदेश ज्ञापांक 1285/सी. दिनांक 12.11.21 के आलोकमें निर्देश जारी किया। विधायक प्रतिनिधि के इन प्रयासों के लिए विष्णुगढ़ के कई लोगों ने आभार जताते हुए बधाई दी। कहा कि इससे लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी एवं लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा पंचायतस्तरीय शिविर के कार्यक्रमों की भी जानकारी मिल सकेगी।

## टाटीझरिया का अमित दिल्ली जेएनयू में मेडिकल रिसर्च में लहरा रहा परचम

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**



छात्रों में लगन हो और सही मार्गदर्शन मिले तो पिछड़े व सुदूर इलाके से भी पढ़कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। ज्ञान अर्जित करने के लिए जगह नहीं लगन और मार्गदर्शन की जरूरत है। ग्रामीण परिवेश में रहकर पढ़े प्रखंड के टाटीझरिया निवासी निजी शिक्षक महेंद्र यादव के पुत्र अमित कुमार यादव ने इसे चरितार्थ कर दिखाया है। अमित की प्राथमिक शिक्षा गांव के ही क्रियेटिव हाई स्कूल डहरभंगा से हुई। वर्ष 2009 में मैट्रिक के बाद इंटर साईंस क०लेज हजारीबाग से आइएससी, संत कोलंबस क०लेज से बीएससी ब०यटेक्नोल०जी और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एमएससी बॉयटेक्नोलॉजी पढाई के दौरान 2015 में दिल्ली टे. क्नोल०जी फ०र यूनिवर्सिटी साईंस एकेडमी समर रिसर्च फेलोशिप की उपलब्धि हासिल किया। तत्पश्चात दिल्ली विश्वविद्यालय में नौ महीने जूनियर रिसर्च फेलोशिप के बाद वर्ष 2019 से जेएनयू में स्पेशल सेंटर फ०र नैनो सा. ईंस से पीएचडी कर रहे हैं। इसमें अमित एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। अबतक 16 रिसर्च आर्टिकल्स, रिव्यू चौप्टर इन हाई इम्पैक्ट फैक्टर, पीर रिव्यूड जर्नल्स में सफलता अर्जित किया है शोध कार्य के लिए अमित को मिल रहा कई अवार्ड डॉ. प्रतिमा आर. सोलंकी के दिशानिर्देश में अमित डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ एफोर्डेबल बॉयो सेंसीटी प्लेटफार्म फ०र कैंसर डिटेक्शन में शोध कार्य कर रहा है। इसके तहत इंडियन कॉउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, सीनियर रिसर्च फेलो. शिप बॉई मिनिस्ट्री ऑफ इंडिया के द्वारा अवार्ड मिल चुका है। राष्ट्रीय व अंत. रराष्ट्रीय शोधकर्ताओं के लिए कश्मीर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित कार्फ्रेंसेस में अमित अपनी शोध पर विचार रख चुके हैं। अमित ने बताया कि वह जल्द ही अपने शोध विषय को लेकर कनाडा की उडान भरने वाला है। गांव से यहां तक की सफर में उसने अपने मेहनत, माता फूलमती देवी, पिता महेंद्र यादव, शिक्षकों, दादा-दादी, भाई-बहन और परिवार का सहयोग सबसे अधिक बताया।

## केंद्र की बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



जन जागरूकता अभियान में शामिल कांग्रेसी कार्यकर्ता

बड़कागांव प्रखंड के चंदौल एवं महूगाई कला पंचायत में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ती बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने जन जागरूकता अभियान चलाया जनसंपर्क स्थापित करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने बताया कि कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर गांव और हर मोहल्ले में जाकर केंद्र की सत्तारूढ़ मोदी सरकार की गलत नीतियों को आम जनता के समक्ष उजागर करने का कार्य किया जा रहा हैद्य केंद्र की बीजेपी सरकार मे महंगाई आसमान छू रही है, लोगों की रोजी-रोटी पर बुरा प्रभाव पड़ा हैद्य कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, श्याम भार्गव, मोहम्मद तपन, निरंजन कुमार, किशोर शुक्ला, मो. हम्मद मेहदीन, फागू राम, सुरेश चौधरी, दिनेश्वर पा. सवान, मोहम्मद सलीम, तारकेश्वर राम, मोहम्मद आजाद समेत कई लोग मौजूद थेद्य

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोन पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी